
# भाग्यं भवति कर्मणा

## मासिक राशिफलमाह–दिसम्बर2012

### प्रातः कालीन ग्रह स्थिति 01.12.2012




**मेष**–चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ

भोग विलास ऐश्वर्य के संसाधन जुटाने के प्रयासों को बल मिलेगा। व्यवसायिक कार्य योजनायें गतिशील होकर अंजाम तक पहुंच सकती है। धार्मिक आस्था भी अनास्था मे परिवर्तित प्रतीत होगी। सच और झूठ की कसौटी पर वाणी द्वारा सत्य का समर्थन करते दिखाई पड़ेंगे। जीवनसंगिनी के साथ दाम्पत्य जीवन का बेहतर आनन्द उठायेंगे। स्त्रीपक्ष से बेहतर तालमेल स्थापित होंगे। तारीख 1, 2, 7, 8, 9, 10, 11 उत्तम है।

**वृष**– ई, ऊ, ऐ, ओ, वा, वी, वू, वे, वो

मानसिक असंतोष चरम सीमा रेखा पार कर सकता है। वाचालता परिजनों के साथ दूरी बढ़ायेगी। लाभ की अपेक्षाकृत व्यय भार की अधिकता प्रतीत होगी। पेट सम्बन्धी रोगों से सजग रहना हितकर होगा। ईश्वर अराधना के प्रति पूर्ण रुपेण समर्पित रहेंगे। घर ग्रहस्थी सम्बन्धी क्रिया कलापों मे कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है माह का दूसरा सप्ताह

राहत कारक सिद्ध होगा। विपक्षियों के साथ तालमेल स्थापित करने के प्रयासों को बल मिलेगा। तारीख 2, 3, 4, 9, 10, 11, 12, 13 प्रगतिकारक प्रतीत होगी।

**मिथुन–** का, की, कू, के, को, हा, ध, ण, छ

आप द्वारा पेय पदार्थों का अधिकाधिक सेवन बढ़ सकता है। ग्रहस्थ जीवन मे तीखी–मीठी, नोंक–झोंक का सामना करना पड़ेगा। व्यापारिक जन सम्पर्क स्थापित करने के प्रयासो मे कठिनाइयों की स्थिति का सामना करना पड़ेगा। संतान पक्ष की ओर से किसी न किसी रुप मे राहत प्रतीत होगी। आमोद, प्रमोद की परिस्थितियां भी समय–समय पर निर्मित होगी। प्रतियोगी परीक्षाओं के परिणाम आपको अश्चर्यचकित कर सकते हैं। तारीख 4, 5, 6, 11, 12, 13, 14, 15 उत्तम सूचक सिद्ध होगी।

**कर्क–**ही, हू, हो, डा, डी, डू, डे, डो

विरोधियों के विरोध करने की क्षमता मे लगातार कमी आयेगी। कब्ज, गैस आदि से शारीरिक एवं मानसिक कष्ट का सामना करना पड़ सकता है। वाद–विवाद तथा न्यायालय तथा सम्बन्धी कार्यों मे प्रगति पथ निर्धारित होंगे। सामाजिक हित मे आप द्वारा लिये गये निर्णय सराहनीय रहेंगे। धन लाभ सम्बन्धी कार्यों मे धीरे–धीरे ही लाभ की उम्मीद करें। अग्रज वर्ग से आशानुकूल सहयोग प्राप्त कर सकते हैं। प्रबल धार्मिकता का वातावरण आसपास प्रतीत होगा। तारीख 2, 3, 4, 7, 8, 9, 13, 14, 15 शुभ कारक है।

**सिंह**– मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे

क्षणिक लाभ प्राप्त करने की कार्य ओजनाओं का विस्तार होगा। भूमि मकान वाहन सुख के पर्याप्त अवसर मिलते प्रतीत होंगे। उच्च शिक्षा की दिशा में की गई सार्थक पहल बेहतर परिणाम तक पहुंच सकती है। कष्ट कारक यात्रा प्रसंगों की अधिकता भी प्रतीत होगी। जीविकोपार्जन सम्बन्धी समस्याओं के समाधान मे आंशिक प्रगति की स्थिति आयेगी। प्रशासनिक अधिकारियों के प्रति आक्रोषित रहेगी। माह का प्रथम सप्ताह राहत सूचक सिद्ध होगा। तारीख 1, 2, 5, 6, 7, 9, 10, 11 शुभ सूचक है।

**कन्या–** टो, पा, पी, पू, पे, पो, ष, ण ठ

किसी वैवाहिक समारोह मे आपकी भागीदारी प्रसंसा के मार्ग प्रस्सत करेगी। ईश्वरीय इच्छा के चलते सामाजिक ख्याति मे वृद्धि कर सकते हैं। स्वजनों तथा प्रियजनों की समस्यायें

आप द्वारा निश्चित समय मे निस्तारित होंगी। बातचीत मे सौम्यता और शिष्टाचार की अनुभूति प्रतीत होगी। ग्रहस्थ आश्रम सामान्य ढंग से चलता फिरता नजर आयेगा। क्रियाशील पूंजी का निवेश सावधानीपूर्वक करना हितकर होगा। रोजी रोटी की दिशा मे किये गये जुगाड़ सार्थक परिणाम के सूचक सिद्ध होंगे। माह का प्रथम सप्ताह बेहतर होगा। तारीख 2, 3, 4, 7, 8, 9, 11, 12, 13 उन्नति कारक सिद्ध होगी।

**तुला–** रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, ते

गिरते हुए स्वास्थ्य मे आश्चर्यजनक रुप से सुधार हो सकता है। भोजन व्यवस्था को विस्तार रुप देने मे सफल सिद्ध होंगे। जोखिम पूर्ण निर्णय लेने की जिज्ञासा मन से बाहर आयेगी। माह के प्रथम सप्ताह मे राजकीय कार्य प्रगति पथ की ओर अग्रसर रहेंगे। क्रोध में आकर पारिवारिक मामलों मे निर्णय लेना अहितकर सिद्ध हो सकता है। जीवन साथी का आपकी गलतियों पर पर्दा डालने का भरसक प्रयास भी रहेगा। अनायास यात्राओं के प्रकरण एकत्रित हो सकते हैं। व्यवसायिक मामलों मे विघ्न बाधायें आ सकती हैं। तारीख 2, 3, 4, 5, 6, 7, 9, 10, 11 शुभप्रद हैं

**वृश्चिक –** तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू

सार्थक और निरर्थक दोनो तरह के खर्चों का सामना करना पड़ सकता है। रक्तचाप और पेट सम्बन्धी रोगों का सामना करना पड़ेगा। वाणी मे कठोर भाषा शैली की समाविष्टि पारिवारिक सदस्यों से मतभेद की स्थिति बढ़ायेगी। माह के दूसरे सप्ताह मे राजद्वारीय मामलों मे सफलता प्राप्त होगी। शिक्षा प्रतियोगिता की दिशा मे कड़े प्रयासों से अल्प लाभ की उम्मीद करना हितकर होगा। भागदौड़ और व्यस्तता का वातावरण बना रहेगा। तारीख 7, 8, 9, 11, 12, 13, 15, 16, 17 उत्तम है।

**धनु–** ये, यो, भी, भी, भू, भे, ध, फ ढ़

आप द्वारा पेय पदार्थों का अधिकाधिक सेवन बढ़ सकता है। वाद–विवाद, भय की स्थितियों का सामना करना पड़ेगा। माह की शुरुआत मे व्यवसायोंन्नति मार्ग की ओर अग्रसर रहेंगे। खर्च और लाभ की कसौटी पर लाभ का वनज अधिक प्रतीत होगा। सामाजिक कार्यों मे व्यवधान की स्थितियां निर्मित होंगी। कोर्ट कचेहरी सम्बन्धी मामलों मे आंशिक लाभ प्राप्त होगा। कुसंगति मानसिक अशांति का वातावरण भी बना सकती है। कठिन से कठिन चुनौतियां

भी झेलने की क्षमता आपके पास मौजूद रहेगी। तारीख 1, 2, 7, 8, 9, 10, 11, 18, 19 उत्तम सूचक है।

**मकर–** भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, गा, गी

विपक्षियों के साथ भी मैत्रीपूर्ण सामन्जस्य स्थापित करने के प्रयास रंग लायेंगे। अनैतिक सोच और अनैतिक व्यक्तियों का साथ आपकी मानसिकता को प्रभावित कर सकता है। राजद्वारीय मामलों मे आश्चर्यजनक रुप से सफलता प्राप्त होगी। कर्मवादी व्यक्तित्व के धनी होने के कारण सभी चुनौतियों से सरलता से निबट सकते हैं। भूमि क्रय–विक्रय सम्बन्धित कार्यों मे लाभ मार्ग की ओर अग्रसर होंगे। किसी भी विषय की कार्यवाही के सनदर्भ मे आप दण्डात्मक कार्यवाही के पक्षधर होंगे। तारीख 2, 3, 4, 9, 10, 11, 12, 13 प्रगति कारक सिद्ध होंगी।

**कुम्भ–** गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, द

संतान पक्ष की शीतविकार ज्वर आदि का सामना करना पड़ सकता है। उपासना, अराधना के सन्दर्भ मे विभिन्न श्रोत उत्पन्न होंगे। राजकीय क्रिया कलापों मे आपकी संलग्नता लाभ मार्ग की ओर अग्रसर करेगी। राजनैतिक संपर्क सूत्रों से अपने हित साधने के प्रयासों को बल मिलेगा। माह का प्रथम सप्ताह व्यवसायिक कार्यक्रमों के लिये बेहतर प्रतीत होगा। घर ग्रहस्थी के झंझट धीरे–धीरे दूर होते प्रतीत होंगे। जोखिमपूर्ण निर्णय लेने की प्रवृतियां मन से बाहर आती प्रतीत होगी। तारीख 4, 5, 6, 11, 12, 13, 14, 15, 16 उन्नति की ओर अग्रसर होगी।

**मीन–**दी, दू, दे, दो, थ, झ, अ, चा, ची

रोजी–रोटी की दिशा मे किये गये प्रयास सार्थक कदम की तरह सिद्ध होंगे। किसी गम्भीर विषय के अध्ययन सम्बन्धी कार्यों मे आपेक्षित सफलता प्राप्त होगी। माह के दूसरे सप्ताह मे व्यवसायिक हित साधन मे सफल सिद्ध होंगे। धार्मिक आस्था अनास्था मे परिवर्तित हो सकती है। उच्च डिग्री के सम्बन्ध मे किये गये प्रयास सफलता सूचक सिद्ध होंगे। सामाजिक कार्यों मे कमी आयेगी। तारीख 7, 8, 9, 13, 14, 15, 20, 21, 22 प्रगति सूचक है।

## माह के व्रत, पर्व और त्यौहार

1. सौभाग्य सुन्दरी तृतीया व्रतम् – 01 दिसम्बर, शनिवार।
2. संकष्ठी श्री गणेश चतुर्थी व्रतम् – 02 दिसम्बर, रविवार।
3. श्री कालभैरव अष्टमी, रुक्मिनी अष्टमी, काला अष्टमी – 06 दिसम्बर, गुरुवार।
4. उत्पन्ना एकादशी व्रतम् सर्वेषाम – 09 दिसम्बर, रविवार।
5. स्नान दान व श्राद्ध की अमावस्या – 13 दिसम्बर, गुरुवार।
6. बलदेव जयन्ती, श्री वैनायकी गणेश चतुर्थी व्रतम् – 16 दिसम्बर, रविवार।
7. द्वितीया नागपंचमी (गुजरात) श्री राम विवाहोत्सव – 17 दिसम्बर, सोमवार।
8. श्री स्कन्द षष्टी, चम्पा (महाराष्ट्र) – 18 दिसम्बर, मंगलवार।
9. मौन एकादशी, गीता जयन्ती, मोक्षदा एकादशी व्रतम् (स्मार्ता नाम) – 23 दिसम्बर, रविवार।
10. मोक्षदा एकादशी व्रतम् (वैष्णव नाम), मत्स्य द्वादशी व्रत, धरणी व्रत – 24 दिसम्बर, सोमवार।
11. क्रिसमस डे (बड़ा दिन) – 25 दिसम्बर, मंगलवार।
12. व्रत की पूर्णिमा, पिशाच मोहन यात्रा – 27 दिसम्बर, गुरुवार।
13. स्नान दान की पूर्णिमा, श्री दत्तात्रेय जयन्ती, नगर परिक्रमा पूर्णिमा, सैन्धव नमक दान पूर्णिमा – 28 दिसम्बर, शुक्रवार।
14. श्री संकष्ठी गणेश चतुर्थी व्रतम् – 31 दिसम्बर, सोमवार।

**पं0 आनन्द अवस्थी : पटेल नगर कालोनी बछरावां,**
**रायबरेली डी–79, साउथ सिटी, लखनऊ, लखनऊ एम0बी0 नं0–9450460208**

**Website-[www.aarshjyotish.in](http://www.aarshjyotish.in),**
**E-mail :panditanandawasthi@aarshjyotish.in**



पंडित आनंद अवस्थी